Title: Need to declare public holiday on Vishwakarma Jayanti-laid

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): मैं सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जैसा कि सर्वविदित हैं कि हर साल भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है और इस दिन पौराणिक काल के इंजीनियर माने जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है. इस दिन सभी श्रमिक वर्ग, कुशल कारीगर और कारखाने के श्रमिक विश्वकर्मा जी की पूजा करते हैं। इस अवसर पर सभी कारखानों में यांत्रिक उपकरणों की पूजा की जाती है और हवन भी किया जाता है। समाज में ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से व्यापार में वृद्धि होती है। मैं, मेरी और विश्वकर्मा समाज की ओर से मांग करना चाहता हूं कि सरकार द्वारा विश्वकर्मा जयंती दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए और भगवान विश्वकर्मा की जीवन गाथा को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल कराने का भी प्रस्ताव देने की कृपा करे।